**भारत डायनामिक्स लिमिटेड**
**(भारत सरकार का उद्यम, रक्षा मंत्रालय)**
**निगम कार्यालय, गच्ची बाउली – हैदराबाद**

बीडीएल/104/बीडी-सी सी /06 दिनांक : 13 अक्तूबर, 2020

**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**

**<u>बीडीएल द्वारा सरकार को अंतिम लाभांश का भुगतान</u>**

हैदराबाद स्थित रक्षा सार्वजनिक उपक्रम भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) ने भारत सरकार को अपने अंतिम लाभांश की राशि रु. 35.018 करोड़ का भुगतान किया.


कमोडोर सिद्धार्थ मिश्र (से.नि.), अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, बीडीएल ने भारत सरकार को बीडीएल में सरकार के शेयरहोल्डिंग से संबंधित रु. 35.018 करोड़ के अंतिम लाभांश का चेक माननीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह को आज नई दिल्ली में भेंट किया.

बीडीएल ने वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए रु.10/- के शेयर के प्रति रु. 2.55 का अंतिम लाभांश घोषित किया गया। कंपनी द्वारा घोषिय अंतिम लाभांश रु. 183.28 करोड़ की शेयर पूँजी पर 2.55% है।

इससे पहले, इस वर्ष मार्च के दौरान वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए बीडीएल द्वारा भारत सरकार को बीडीएल में सरकार के शेयरहोल्डिंग के प्रति प्रत्येक शेयर के लिए रु. 6.25 के अंतरिम लाभांश अर्थात कुल रु.100.518 करोड़ का भुगतान किया गया था। इससे वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए बीडीएल द्वारा भारत सरकार को रु. 135.36 करोड़ का अंतिम लाभांश प्रदत्त किया गया।

वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए बीडीएल ने बिक्री टर्नओवर रु. 3,095.20 करोड़ और रु. 742.45 कर पूर्व लाभ हासिल की।

इस अवसर रक्षा मंत्रालय से श्री राज कुमार, सचिव, रक्षा उत्पादन विभाग और श्री चंद्रकर भारती, संयुक्त सचिव (एयरो) और कमोडोर टी एन कौल (से.नि.), अधिशासी निदेशक बीडीएल उपस्थित रहे।



दि. 13 अक्तूबर, 2020 को नयी दिल्ली में वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए बीडीएल में भारत सरकार की शेयरहोल्डिंग से संबंधित अंतिम लाभांश के रूप में रु. 35.018 करोड़ चेक प्रदान करते हुए बीडीएल के सीएमडी कमोडोर सिद्धार्थ मिश्र (से.नि.)।